# यूपीडा

## उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इन्डस्ट्रियल डेवलपमेन्ट अथॉरिटी

सी–13, द्वितीय तल, पर्यटन भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010

0522–2307542 / 2307592, इमेल upeida.forest@gmail.com , upeida2@gmail.com


पत्रांक 1327 / 1832 / यूपीडा / 22(वन) दिनांक 11 जून, 2024

सेवा में,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष,
उ0प्र0, लखनऊ।

विषयः–गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना की स्टेज–1 की सैद्धान्तिक स्वीकृति में लगायी गयी शर्त संख्या–24 व 25 के अनुपालन के सम्बन्ध में।

संदर्भः– 1. आपका का पत्रांक–ले0–282 / 5–2 दिनांक 05.04.2024।
2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव, उ0प्र0, लखनऊ का पत्रांक–3200 / 7–4 (गंगा एक्सप्रेसवे / डॉल्फिन परियोजना) दिनांक 15.05.2024।
3. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, योजना एवं कृषि वानिकी, उ0प्र0, लखनऊ का पत्रांक–ले0–324 / 5–2 दिनांक 03.06.2024।

महोदय,

भारत सरकार के द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए प्रदत्त की गयी स्टेज–1 की सैद्धान्तिक स्वीकृति की शर्त संख्या–24 एवं 25 के अनुपालन के क्रम में उपरोक्त संदर्भित पत्रों के माध्यम से प्रेषित योजनाओं पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा, लखनऊ के द्वारा निम्न प्रकार धनराशि के भुगतान के लिए सहमति प्रदान की गयी हैः–

1. डॉल्फिन संरक्षण योजना – रू0 16.34 करोड़
2. माला नदी पुनरूद्धार योजना – रू0 05.00 करोड़
3. गंगा एक्सप्रेसवे पटरी वृक्षारोपण योजना (16 सामान्य पौधशालाओं की स्थापना सहित) – रू0 36.828 करोड़

आपके द्वारा उप महानिरीक्षक (वन) क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, केन्द्रीय भवन, अलीगंज, लखनऊ को अपने कार्यालय पत्र संख्या–598 / 32–18 (गंगा एक्सप्रेसवे) दिनांक 08.04.2024 से विशेष शर्त संख्या–24 एवं 25 से सम्बन्धित धनराशि को कैम्पा फण्ड में न जमा कर आपके अधीन जमा कराने हेतु भारत सरकार के निर्देश दिनांक 23.08.2023 को संशोधित करने का आग्रह किया गया था एवं उक्त पत्र की प्रति अध्यक्ष, यूपीडा को आवश्यक कार्यवाही हेतु पृष्ठांकित की गयी थी। अतः भुगतान हेतु खाता विवरण उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(श्रीहरि प्रताप शाही)
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा, लखनऊ।
2. अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव, उ0प्र0, लखनऊ।
4. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, योजना एवं कृषि वानिकी, उ0प्र0, लखनऊ।
5. नोडल अधिकारी / मुख्य वन संरक्षक, उ0प्र0, लखनऊ।
6. उप महानिरीक्षक (वन) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, केन्द्रीय भवन, अलीगंज, लखनऊ।
7. वित्त नियंत्रक, यूपीडा, लखनऊ।
8. वरिष्ठ मुख्य महाप्रबन्धक, गंगा एक्सप्रेसवे, यूपीडा, लखनऊ।

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी